# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)


**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,**

**उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002**

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail.com


Google Play

**पत्रांक** 617/ m-3 /64 **दिनांक** 08/09/2026

**सेवा में,**

जिलाधिकारी,

बस्ती।

**विषय:** **दैनिक समाचार पत्र 'आज' में प्रकाशित दिनांक 08.09.2026 को प्रकाशित "दो साल से अधूरी पड़ी पानी की टंकी" शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग/ निस्तारण के सम्बन्ध में।**

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र 'आज' में प्रकाशित दिनांक 08.09.2026 को प्रकाशित "दो साल से अधूरी पड़ी पानी की टंकी" शीर्षक के नकारात्मक क्लीपिंग का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जिसकी आख्या निम्नवत् है-

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| जल जीवन मिशन के तहत जनपद-बस्ती के विकास खण्ड-कुदरहा की ग्राम पंचायत-ठोकवा पेयजल योजनान्तर्गत गृह संयोजन उपलब्ध कराने के उपरान्त भी योजना से जलापूर्ति न होने तथा पानी की टंकी का निर्माण करीब दो वर्षों से अधूरा पड़ा है। वहीं सड़क की स्थित भी खराब हो गई है जिससे ग्रामीओं को आवागमन में परेशानी हो रही है। गांव के निवासी झिनकान निषाद ने बताया कि पानी की टंकी का निर्माण काफी समय से अधूरा है। पाईप लाईन हेतु सड़क खोद दी गयी है लेकिन रास्ते की स्थिति ठीक नहीं होने से आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शैलेन्द्र पाण्डेय ने भी निर्माण कार्य को लेकर नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराने और क्षतिग्रस्त रास्ते को दुरूस्त कराने की मांग की। | उक्त के क्रम में सादर अवगत कराना है कि ठोकवा पेयजल योजना से सम्बन्धित जू०इंजी० श्री अनुभव कुमार त्रिपाठी द्वारा दिनांक 08.09.2026 को स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाये गये योजना की भौतिक प्रगति निम्नानुसार है- (तालिका नीचे) |

| क्र०सं० | विवरण | लक्ष्य | भौतिक प्रगति% |
|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप | 1 नग | पूर्ण |
| 2 | पम्पहाउस | 1 नग | 60% |
| 3 | वितरण प्रणाली | 7.732 किमी० | 5.521 किमी० |
| 4 | गृह संयोजन | 324 नग | अपूर्ण |
| 5 | शिरोपरि जलाशय | 125 किली०/12 मी ० | 20% |
| 6 | बाउन्ड्रीवाल | 1 नग | 10% |

वर्तमान में योजना पर कार्य अपेक्षाकृत धीमा है। जिस हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन हेतु खोदी गयी सड़कों को पूर्व में ही मरम्मत/मोटरेबल कराया जा चुका है। उक्त ग्राम के निवासी श्री शैलेश पाण्डेय एवं झिनकान निषाद से मुलाकात कर यथास्थिति से आश्वस्त किया गया। उक्त पेयजल योजना के अवशेष कार्यों पुनः प्रारम्भ कराकर लक्षित समयान्तर्गत माह-मार्च, 2027 तक पूर्ण कराते हुए योजना में सम्मिलित समस्त घरों को नियमित रूप से शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाना लक्षित है।

जलापूर्ति से सम्बन्धित कोई भी समस्या जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं 18001212164 पर पंजीकृत की जा सकती है। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है। अतः उपरोक्त प्रकरण को निस्तारित करने की कृपा करें।









**भवदीय**

**(एस रहमान)**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ०सं० तथा दिनांक तदैव:-**

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1) अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2) मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3) मुख्य अभियन्ता(गो०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
4) अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), बस्ती।

**अधिशासी अभियन्ता**

IGRS Letter/112